आकाशवाणी श्री विजयपुरम

02.10.2025 समय : 1905

- गृह मंत्री अमित शाह ने गांधी जयंती के अवसर पर जीएसटी बचत उत्सव के अंतर्गत खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों पर राष्ट्रव्यापी छूट का शुभारंभ किया।
- संस्कृति मंत्रालय ने श्री विजयपुरम के राज्य पुस्तकालय के आधुनिकीकरण के लिए दो दशमलव दो तीन करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है।
- पर्यटन विभाग, ने द्वीपीय नारियल उत्सव दो हजार पच्चीस के अगले संस्करण की घोषणा की।
- पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विभाग द्वारा पशु चिकित्सा कंपाउंडरों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन।

<><><><><><><>

गृह मंत्री अमित शाह ने महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर आज नई दिल्ली स्थित खादी ग्रामोद्योग भवन में जीएसटी बचत उत्सव के अंतर्गत खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों पर राष्ट्रव्यापी छूट का शुभारंभ किया। खादी महोत्सव दो हजार पच्चीस के दौरान आज से पांच नवंबर तक ग्राहकों को खादी वस्त्रों पर बीस प्रतिशत और खादी ग्रामोद्योग उत्पादों पर दस प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इस अवसर पर श्री शाह ने देशवासियों से खादी के उपयोग को बढ़ावा देने और स्वदेशी उत्पाद अपनाने के अभियान को प्रोत्साहित करने की अपील की। उन्होंने नागरिकों और व्यापारियों से मेक इन इंडिया उत्पादों को बढ़ावा देने का भी आग्रह किया। श्री शाह ने सभी से हर साल कम से कम पाँच हज़ार रुपये के खादी के कपड़े खरीदने की अपील की। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के दृष्टिकोण में निहित इन आदर्शों ने न केवल राष्ट्र की स्वतंत्रता में योगदान दिया, बल्कि अनगिनत लोगों को आजीविका भी प्रदान की।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से घोषित जी एस टी भारत उत्सव पिछले महीने की बाईस तारीख से शुरू हुआ और इससे समाज के हर वर्ग को लाभ हो रहा है। अगली पीढी के जी एस टी सुधारों से भारत की अप्रत्यक्ष कर–प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में नया अध्याय शुरू हुआ है। इन सुधारों ने विभिन्न वस्तुओ और सेवाओं में कर की दर में कटौती से लोगों को काफी राहत प्रदान की है। कृषि मशीनरी और उर्वरकों पर जी एस टी सुधारों के प्रभावों पर प्रस्तुत है।

<><><><><><><>

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन ने कोलकाता स्थित राजा राम मोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान, के माध्यम से श्री विजयपुरम के राज्य पुस्तकालय के आधुनिकीकरण के लिए दो दशमलव दो तीन करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। स्वीकृत राशि कल विधिवत जारी कर राज्य पुस्तकालय के बैंक खाते में जमा कर दी गई है। इस राशि का उपयोग शिक्षण केंद्र के रूप में पुस्तकालय की भूमिका को सुदृढ़ करने, छात्रों में पठन संस्कृति को बढ़ावा देने और सभी द्वीपवासियों को गुणवत्तापूर्ण पठन सामग्री तक पहुँच प्रदान करने में किया जाएगा।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग, ने संबद्ध विभागों के सहयोग से द्वीपीय नारियल उत्सव दो हजार पच्चीस के अगले संस्करण की घोषणा की है। इस उत्सव का विषय है – 'नारियल का उत्सव – द्वीपसमूह की संस्कृति, व्यंजन और शिल्प'। यह उत्सव नौ और दस अक्टूबर को शाम चार बजे से रात नौ बजे तक श्री विजया पुरम स्थित आई टी एफ मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस उत्सव में लोक प्रदर्शन, नारियल–थीम वाली व्यंजन प्रतियोगिताएं, स्थानीय हस्तशिल्प और कारीगरों की प्रदर्शनियां शामिल होंगी। विभाग ने महोत्सव के विभिन्न कार्यक्रमों और प्रदर्शनियों में भाग लेने के लिए होटल व्यवसायियों, रेस्टोरेंट मालिकों, व्यक्तियों, संघों, स्वयं सहायता समूहों, गैर सरकारी संगठनों, कारीगरों, फूड स्टॉल संचालकों और अन्य इच्छुक प्रतिभागियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन पत्र और भागीदारी संबंधी दिशानिर्देश पर्यटन निदेशालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि पांच अक्टूबर है।

<><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विभाग ने हाल ही में जंगलीघाट स्थित पशु चिकित्सालय के सम्मेलन कक्ष में पशु चिकित्सा कंपाउंडरों के लिए भारत पशुधन ऐप पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस पहल का उद्देश्य द्वीप समूह में पशुधन डेटा प्रबंधन को बेहतर बनाना और सेवा वितरण में सुधार करना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल तैंतीस पशु चिकित्सा कंपाउंडरों ने भाग लिया, जिनमें से अटठराह व्यक्तिगत रूप से और पन्द्रह ऑनलाइन शामिल हुए। प्रशिक्षण का नेतृत्व राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन के रिसोर्स पर्सन, सहायक महाप्रबंधक रेजिथ आर और, सहायक प्रबंधक भावना ने किया। सत्र का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को ऐप की विशेषताओं से परिचित कराना था, जिससे क्षेत्र–स्तरीय पशुपालन सेवाओं के लिए कुशल डेटा रिकॉर्डिंग और प्रबंधन संभव हो सके। प्रशिक्षण में पशु चिकित्सा कंपाउंडरों को भारत पशुधन ऐप का प्रभावी ढंग से उपयोग करने, पशुधन स्वास्थ्य निगरानी, उपचार ट्रैकिंग और सेवा समन्वय को सुव्यवस्थित करने के कौशल के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम ने पशुधन प्रबंधन को आधुनिक बनाने और किसानों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए पशुपालन और पशुचिकित्सा विभाग के प्रयासों को मजबूत करने में ऐप की भूमिका पर भी जोर दिया गया।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना के तहत प्रत्येक घर को सौर ऊर्जा से सशक्त बनाने के उद्देश्य से लगातार काम कर रहा है। इस योजना के तहत जागरूकता शिविरों का आयोजन कर, लोगों को इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के माध्यम से योजना के लाभों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। द्वीप समूह के सभी उपभोक्ता अब इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ़्त बिजली योजना के तहत अपना नामांकन कराने के लिए आगे आ रहे हैं। इसी कड़ी में स्वराज द्वीप के गोविंद नगर निवासी भाग्यधर मजूमदार भी शामिल हुए। वे स्वराज द्वीप के पहले निवासी बन गए हैं, जिन्होंने कल अपने आवास पर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना के तहत छ किलोवाट का सोलर रूफ टॉप प्लांट लगवाया है।, आयुक्त–सह–सचिव (विद्युत), डॉ. सचिन शिंदे ने हाल ही में स्वराज द्वीप की अपनी यात्रा के दौरान, पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों और स्थानीय निवासियों के साथ बिजली संबंधी मामलों और प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार–प्रसार पर बातचीत की। उन्होंने योजनाओं के लाभों, सब्सिडी घटक, आसान ऋण सुविधा, ऊर्जा सुरक्षा आदि पर ज़ोर देते हुए बहुमूल्य जानकारी साझा की और निवासियों से सक्रिय भागीदारी का आग्रह किया।

<><><><><><>

इकहत्तरवें वन्यजीव सप्ताह समारोह के एक भाग के रूप में, दक्षिण अंडमान वन प्रभाग, ने द्वीपसमूह की समृद्ध जैव विविधता के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक ऑनलाइन फ़ोटोग्राफ़ी प्रतियोगिता की घोषणा की है। यह प्रतियोगिता सभी प्रकृति और वन्यजीव प्रेमियों के लिए खुली है, जिसमें प्रतिभागियों को द्वीपसमूह के वनस्पतियों और जीवों को उजागर करने वाली तस्वीरें प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया है। प्रविष्टियाँ सात अक्टूबर तक dfosa.event.photo@gmail.com पर भेजी जानी चाहिए। आठ अक्टूबर को शीर्ष तीन विजेताओं की घोषणा कर उन्हें पुरस्कृत भी किया जाएगा।

<><><><><><>